# कार्यालय प्रधानाचार्य, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय
# एवं नियंत्रक संलग्न चिकित्सालय, जयपुर

**क्रमांकः 7267 /एफ/एमसी/ईजी/2020** **दिनांकः 15/4/20**

## विज्ञप्ति

सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में विभिन्न विशिष्ठताओं में निम्नानुसार रिक्त पदों को राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित नियमित अभ्यार्थी उपलब्ध होने अथवा अन्य आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो आवश्यक/अस्थाई रूप से भरे जाने हेतु पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं –

1. सहायक आचार्य, मेडिकल ओंकोलोजी : 03 पद
2. सहायक आचार्य, रेडियों डायग्नोसिस : 02 पद
3. सहायक आचार्य, डेन्टल एण्ड प्रोस्थेटिक्स हैड, नेक कैंसर सर्जरी : 01 पद
4. वरिष्ठ प्रदर्शक, माइक्रोबायोलोजी : 01 पद
5. वरिष्ठ प्रदर्शक, पी.एस.एम. : 03 पद

उक्त पदों के लिए पात्रता एवं अन्य शर्तों का विवरण निम्नानुसार है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पदों की योग्यता | **सहायक आचार्य, मेडिकल ओंकोलोजी/रेडियो डायग्नोसिस**<br>संबंधित विशिष्ठता में एम.डी./डी.एम.<br>अथवा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय/एम.सी.आई. द्वारा निर्धारित योग्यता (मय राजस्थान मेडिकल काउंसिल अथवा इंडियन मेडिकल काउंसिल में स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र)<br>**सहायक आचार्य, डेन्टल एण्ड प्रोस्थेटिक्स हैड, नेक कैंसर सर्जरी**<br>एम.डी.एस. (प्रोस्थोडोन्टिक्स) अथवा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय/डी.सी.आई. द्वारा निर्धारित योग्यता (मय राजस्थान मेडिकल काउंसिल अथवा इंडियन डेन्टल काउंसिल में स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र)<br>किसी मान्यता प्राप्त कैंसर संस्थान में डेन्टल एण्ड प्रोस्थेटिक्स सर्जरी में कार्य का अनुभव रखने वाले एवं 02 वर्ष की पोस्ट एम.डी.एस. फैलोशिप प्राप्त अभ्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी ।<br>**वरिष्ठ प्रदर्शक, माइक्रोबायोलोजी/पी.एस.एम.**<br>एम.बी.बी.एस. अथवा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय/एम.सी.आई. द्वारा निर्धारित योग्यता (मय राजस्थान मेडिकल काउंसिल अथवा इंडियन मेडिकल काउंसिल में स्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र) |
| 2 | आयु सीमा | दिनांक 01.01.2021 को अधिकतम 37 वर्ष (सामान्य विशिष्ठता हेतु) एवं 42 वर्ष (सुपर स्पेशिलिटी हेतु)<br>(आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को राज्य सरकार के नियमानुसार छूट देय होगी) |
| 3. | कार्य की अवधि | पदों को नियमित रूप से भरे जाने अथवा अन्य आदेश होने तक जो भी पहले हो |
| 4 | आरक्षण | आरक्षण का लाभ नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा देय होगा |
| 5. | मानदेय/स्टाईपेण्ड | चयनित अभ्यार्थियों को राज्य सरकार के पत्र कमांक प.23(12)एम.ई./ ग्रुप–1/2014 पार्ट दिनांक 30.12.2017 द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा । |
| 6. | साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान | उक्त पदों पर चयन हेतु दिनांक 27.04.2020 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक साक्षात्कार प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक के महाविद्यालय स्थित कक्ष में आयोजित किये जायेंगे। |
| 7. | आवेदन शुल्क | राज्य सरकार के आदेश संख्या प.1(6)एम.ई./ग्रुप–1/2011 दिनांक 21.05.2015 के तहत सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों हेतु रू. 1000/– एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों हेतु रू. 500/– जो कालेज कैशियर के पास आर.एम.आर.एस. मद में नकद जमा करवाकर आवेदन पत्र के साथ रसीद की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी । |

**आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण, जो अभ्यार्थी द्वारा प्रमाणित किये गये हों –**

1. आवेदन पत्र पर अपनी नवीनतम प्रमाणित फोटो चिपकायें ।
2. सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु) ।
3. शैक्षणिक योग्यता की समस्त अंकतालिकाओं की प्रमाणित प्रतियां मय अटेम्प्ट प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप प्रमाण पत्र ।
4. संस्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (आर.एम.सी. / एम.सी.आई. / डी.सी.आई.) ।
5. जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति, यदि अभ्यार्थी आरक्षित वर्ग का हो ।
6. अनुभव प्रमाण पत्र, यदि हो ।
7. महिला अभ्यार्थी के नाम अथवा उपनाम परिवर्तन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र ।
8. यदि पूर्व से राज्य सेवा में कार्यरत हैं, तो अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

**साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप में दिनांक 27.04.2020 को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे । मध्यान्ह 12.00 बजे बाद साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**

अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । ऐसा कोई अभ्यार्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक सन्तान हो, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा । परन्तु दो से अधिक बच्चों वाले किसी भी अभ्यार्थी को नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं समझा जावेगा, जब तक कि 1 जून, 2002 को विद्यमान उसके बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती : परन्तु यह और कि जहां किसी अभ्यार्थी के पूर्वत्तर प्रसव से केवल एक बच्चा है किन्तु किसी एक पश्चात्वर्ती प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा हो जाते हैं वहां बच्चों की संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक इकाई समझा जावेगा । साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यार्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

**उक्त पद पर नियुक्ति आदेश राज्य सरकार द्वारा जारी किए जायेंगे।**

**संलग्न–** आवेदन का प्रारूप

**प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक**

**क्रमांकः** 7267 **/ एफ / एमसी / ईजी / 2020** **दिनांकः** 18/4/20

प्रतिलिपि निम्न को भेजकर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित है :–

1 शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राज0 जयपुर ।
2 अधीक्षक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय / स्टेट कैन्सर इंस्टीट्यूट, जयपुर ।
3 विभागाध्यक्ष, रेडियो डायग्नोसिस / मेडिकल ओंकोलोजी / दन्त चिकित्सा / माइक्रोबायोलोजी / पी.एस.एम. ।
4 शैक्षणिक अधिकारी, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर ।
5 डा0अर्पिता जिन्दल, आचार्य, पैथोलोजी एवं नोडल आफीसर को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को कॉलेज वेबसाईट पर डलवायें ।
6 महाविद्यालय नोटिस बोर्ड ।

**प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक**

<u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

**पद व विशिष्ठता का नाम जिसके लिए आवेदन किया है** ______________________

**वर्ग : सामान्य/महिला/अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0वर्ग** ______________________
**(अपना वर्ग स्पष्ट अंकित करें)**

| अभ्यार्थी का नवीनतम प्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो |
|---|

1. नाम
2. पिता/पति का नाम
3. जन्मतिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
4. आयु (दिनांक 01.01.2021 को)
5. पत्र व्यवहार का पूरा पता
   मय दूरभाष संख्या

6. शैक्षणिक योग्यता

| परीक्षा का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत | अटेम्प्ट की सं. |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष एमबीबीएस/बीडीएस | | | | |
| द्वितीय वर्ष एमबीबीएस/बीडीएस | | | | |
| तृतीय वर्ष एमबीबीएस/बीडीएस | | | | |
| एमडी/एमएस/एमडीएस | | | | |
| डीएम/एमसीएच | | | | |
| अन्य योग्यता/फैलोशिप | | | | |

7. सीनियर रेजीडेन्सी का विवरण
1. अनुभव यदि कोई हो

**नोट–** यदि कोई रिसर्च पब्लिकेशन हो तो साथ लावें ।

**घोषणा :–**

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक सन्तान नहीं है । मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त समस्त सूचना मेरे ज्ञान से पूर्णतः सही एवं सत्य है । यदि कोई सूचना गलत/असत्य पायी जावे तो मेरा आवेदन/चयन निरस्त किये जाने की सहमति प्रदान करता/करती हूँ ।

**आवेदक के हस्ताक्षर**